कोविड-19 के टीके
सामान्य चिंताएं और उनसे जुड़े तथ्य

मैं चिंतित हूँ...

टीके से मुझे कोविड-19 हो जाएगा।

✓ तथ्य

आपको टीके से कोविड-19 नहीं हो सकता है।

कोविड-19 के टीकों में कोविड-19 संक्रमण फैलाने वाले वायरस नहीं होते हैं।

मैं चिंतित हूँ...

टीके असुरक्षित हैं और काम नहीं करते हैं।

✓ तथ्य

COVID-19 टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं।

नैदानिकपरीक्षणों में हज़ारों प्रतिभागियों पर टीकों का परीक्षण किया गया था. उन्होंने आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण या पूर्ण अनुमोदन का समर्थन करने के लिए आवश्यक सुरक्षा, प्रभावशीलता और निर्माण गुणवत्ता के लिए FDA के कठोर वैज्ञानिक मानकों को पूरा किया. ये सभी लोगों को COVID-19 से बीमार होने से बचाने में बहुत अच्छे पाए गए

मैं चिंतित हूँ...

Johnson & Johnson टीके में भ्रूण के ऊतक होते हैं।

✓ तथ्य

Johnson & Johnson टीके में भ्रूण या भ्रूण कोशिकाओं के कोई हिस्से नहीं होते हैं।

टीका कई अन्य टीकों की तरह समान तकनीक का उपयोग कर बनाया गया टीके को। एक टीका प्रयोगशाला में विकसित कोशिकाओं के नमूनों से बनाया गया था जो दरअसल 35 साल पहले इच्छित गर्भपात से प्राप्त कोशिकाओं से लिया गया था। तब से प्रयोगशाला में इन टीकों के लिए सेल लाइनें बरकरार हैं। इन टीकों को बनाने के लिए भ्रूण कोशिकाओं के और स्रोतों का उपयोग नहीं किया जाता है। यह कुछ लोगों के लिए नई जानकारी हो सकती है। हालांकि चेचक, रूबेला और हेपेटाइटिस ए के टीके इसी तरह से बनाए जाते हैं।

मैं चिंतित हूँ...

कोविड-19 के टीके बांझपन या नपुंसकता का कारण बनते हैं।

✓ तथ्य

टीके आपके प्रजनन अंगों के साथ प्रतिक्रिया नहीं करते हैं।

प्रजनन स्वास्थ्य और टीकों से संबंधित आपकी चिंताएं समझ में आती हैं। यहां हम जानते हैं: इस बात का कोई वैज्ञानिक सबूत नहीं है कि टीके प्रजनन क्षमता या नपुंसकता का कारण हैं। जब टीका आपके शरीर में प्रवेश करता है, तो यह कोरोनावायरस से लड़ने के लिए प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) बनाने के लिए आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ काम करता है। इस प्रक्रिया से आपके प्रजनन अंगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मैं चिंतित हूँ...

अगर मुझे पहले कोविड-19 हो चुका था, तो मुझे टीके की ज़रूरत नहीं है।

✔ तथ्य

यदि आपको पहले ही कोविड-19 हो चुका था, तो आपको अभी भी टीका लगाया जाना चाहिए।

डेटा बताते हैं कि संक्रमित होने के बाद 90 दिनों में कोविड-19 से फिर से संक्रमित होना असामान्य है। इसका मतलब है कि आप कुछ समय के लिए कोविड-19 से कुछ सुरक्षा प्राप्त कर सकते/ती हैं (जिसे प्राकृतिक प्रतिरक्षा कहा जाता है)। हालांकि, हम नहीं जानते कि प्राकृतिक प्रतिरक्षा कब तक रहती है।

मैं चिंतित हूँ...

टीकों में माइक्रोचिप्स होते हैं जो लोगों को ट्रैक करते हैं।

✔ तथ्य

टीकों में माइक्रोचिप या ट्रैकिंग डिवाइस नहीं होता है।

टीकों में वसा, लवण और शर्करा के साथ केवल एक सक्रिय घटक होता है जो आपके शरीर को कोविड-19 से लड़ने के लिए प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) बनाने में मदद करता है।

मैं चिंतित हूँ...

कोविड-19 के टीके उन महिलाओं के लिए असुरक्षित हैं जो गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं।

✔ तथ्य

गर्भावस्था और प्रसव संबंधी चिकित्सा विशेषज्ञ उन लोगों के लिए COVID-19 टीके की सलाह देते हैं जो गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या गर्भधारण करने योजना बना रही हैं।

डेटा से पता चलता है कि गर्भावस्था के दौरान COVID-19 के टीके लेना सुरक्षित है। यहाँ तक कि, कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि टीका लगवा चुके माता-पिता गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान अपने बच्चे को COVID-19 से बचाने के लिए एंटीबॉडी भी प्रदान कर सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को COVID-19 से गंभीर बीमारी का खतरा है जिसमें मृत्यु भी शामिल है। टीके ही सबसे बढ़िया बचाव का तरीका हैं।

मैं चिंतित हूँ...

कोविड-19 टीके से मेरा DNA बदल जाएगा।

✔ तथ्य

कोविड-19 टीके आपके DNA को नहीं बदलते या प्रभावित नहीं करते हैं।

उपलब्ध सभी टीके का हमारी कोशिकाओं को कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस के प्रति सुरक्षा क निर्माण करने के लिए प्रेरित करते हैं। टीका कोशिका के उस हिस्से में प्रवेश नहीं करता, जहां हमारा DNA होता है। इसकी बजाय, टीके प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए हमारे शरीर की प्राकृतिक सुरक्षा के साथ कार्य करते हैं।

मैं चिंतित हूँ...

टीका लगने के बाद मुझमें खून का थक्का बन जाएगा।

✔ तथ्य

खून के थक्के बनने का खतरा बेहद कम होता है।

में िनलतुिक मखाजि के नेनब केक्थ के तक्र से नेले कधोरनर्भिग ,एलि के णरहादउ ,कािलाह ।हैं ितरक नदतिप्रि एंलहिम िखाल गोयपउ िकसजि ,है मक तहुब मखाजि)थल्हे फ़ऑ टमेंर्टापडि टिटेस् नटगशंावि ,HOD) htlaeH fo tnemtrapeD etatS notgnihsaW णराक के मखाजि तवािभसं िकपआJohnson & Johnson (J&J) याजब के कीटmRNA िय hceTNoiB-rezfiP) िकीट19 -डवािकModerna) ।है ितदे वाझसु िक नेले

पआ रगअmRNA िभ ित ,तेहाच िहन िनावगल िय हैं र्थमसअ में नोवगल िकीटJohnson & Johnson ।रेंक ताब से ितादप्र िवसे यथ्सवस् में रोब के िपल्कवि नेपअ ।है धब्लपउ िकीट